

12 वर्ष निर्भीक पत्रकारिता के

अब 13 वें वर्ष की ओर

पाठकों/दर्शकों का असीम स्नेह

Bharatsamman.com Bharat samman

भारत सम्मान NEWS

RNI No. CHHHIN/2011/38292

हो जाओ सावधान...

Bharat Samman




वर्ष-13 अंक-71 अम्बिकापुर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023 कुल पृष्ठ-4+4 मूल्य-1.00 रू.


# नक्सलियों ने पूर्व सरपंच महेश गोटा को किया अगवा

## बेटी की मासूम प्रार्थना- पापा को छोड़ दो नक्सली

**बीजापुर।** दूर तक फैल घना जंगल...बाघ, तेंदुए और जंगली जानवर, पर इससे अधिक खतरनाक यहां इंसान है, जो नक्सलियों की शक्ल में यहां राज करते है। रविवार को इस क्षेत्र में चिकटराज की पहाड़ी में पूजा करने ग्रामीण गए हुए थे, जहां से फरसेगढ़ के पूर्व सरंपच महेश गोटा का अपहरण नक्सलियों ने कर लिया। दर्जनों ग्रामीण पूजा अनुष्ठान में सम्मिलित हुए पर महेश अकेले थे, जो वापस घर नहीं लौट सके। सोमवार को इसकी खबर स्वजन को मिली, जिसके बाद महेश को छुड़ाने अब पत्नी रीना गांव के कुछ लोगों के साथ सुबह से ही खूंखार नक्सलियों के गढ़ में प्रवेश कर गई है। दिन भर जंगल की खाक छानने के बाद रात तक वह जंगल से वापस नहीं लौटी है। भूखे-प्यासे, नक्सलियों के घर में घुसकर वह पति को छुड़ाने प्रयास कर रही है। इधर घर पर माता-पिता को दिन भर नहीं देखने के बाद महेश और रीना की मासूम बेटी दिव्यानी ने अपने पापा को छोड़ देने की अपील नक्सलियों से की है।

महाराष्ट्र और अबूझमाड़ की सीमा से लगे बीजापुर जिले का फरसेगढ़ क्षेत्र में नक्सलियों ने बड़ी घटनाओं को अंजाम नहीं दिया है, पर बड़ी वारदात के बाद एक राज्य से दूसरे राज्य तक पहुंचने के लिए इस रास्ते का प्रयोग करते रहे हैं। यहां नेशनल पार्क एरिया कमेटी काम करती है और यहां राज कुख्यात नक्सली दिलीप का चलता है। संगठन में डीवीसी रैंक रखने वाला दिलीप इस क्षेत्र के चप्पे-चप्पे से वाकिफ है, बड़ी वारदातों के बाद नक्सलियों को छत्तीसगढ़ की सीमा पार करवाने की जिम्मेदारी उसकी ही रहती है।





### सलवा जुड़ूम की सजा, पिता को दी थी मौत

बस्तर में सलवा जुड़ूम आंदोलन की नींव रखने का काम महेश के पिता चिन्नाराम गोटा ने किया था। फरसेगढ़ से इस आंदोलन की शुरुआत हुई थी, जिसने बाद में बड़ा स्वरुप ले लिया था। इसका बदला नक्सलियों ने चिन्नाराम गोटा की हत्या कर ले लिया था। इस घटना के बाद पैतृक गांव सागमेटा को छोड़कर गोटा परिवार फरसेगढ़ में आकर रहने लगा था। महेश उस वक्त बहुत छोटे थे और इस आंदोलन से उनका कभी कोई रिश्ता नहीं रहा। इसके बाद भी नक्सलियों ने फिर एक बार गोटा परिवार को निशाने पर ले लिया है।

## स्वास्थ्य विभाग के 40 हजार कर्मी आज हड़ताल पर

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ हेल्थ फेडरेशन कर्मचारी संघ के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग के करीब 40 हजार कर्मी 5 सूत्रीय मांगों को लेकर आज से बेमुद्दत हड़ताल पर रहेंगे। वेतन विसंगति, अनियमित वेतन जैसे मुद्दों को लेकर आज प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मी जिनमें डॉक्टर आदि शामिल हैं, हड़ताल पर रहेंगे। फेडरेशन के सदस्य टारजन गुप्ता ने जानकारी दी कि पहली बार स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी णकर्मचारी एक मंच पर जुट रहे हैं। पहली बार ग्रामीण क्षेत्रों के उप स्वास्थ्य केंद्र से लेकर शहर क्षेत्र के मेडिकल कॉलेज की सेवाएं एकसाथ प्रभावित होंगी। इस हड़ताल के चलते शासकीय चिकित्सालय, स्वास्थ्य केंद्रों में के साथ-साथ पोस्टमार्टम और एमएलसी की सुविधा भी नहीं मिल पाएगी। नर्सों के भी हड़ताल पर जाने की वजह से वार्ड में भर्ती मरीजों को मिलने वाली सुविधा प्रभावित होगी। इन सभी के लिए स्वास्थ्य विभाग और शासन-प्रशासन जिम्मेदर होगा।

## 2 सितम्बर तक रद्द रहेंगी ये ट्रेनें, लिस्ट चेक करके बनाएं प्लान

**जगदलपुर।** वाल्टेयर डिवीजन में कोट्टावलसा-कोरापुट खंड पर गोरापुर-अराकु शिमिलिगुडा स्टेशनों के बीच दोहरीकरण का काम चल रहा है। इसी के तहत इन स्टेशनों के बीच नॉन-इंटरलॉकिंग कार्यों को किया जाना है। जिसके चलते एक सितंबर तक ट्रेन प्रभावित रहेंगी। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एके त्रिपाठी ने बताया कि नॉन इंटरलॉकिंग प्रक्रिया के चलते 21, 25, 28 अगस्त और 01 सितंबर को विशाखापत्तनम से प्रस्थान करने वाली (18514) विशाखापत्तनम- किरंदुल रात्रि एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी। वहीं 22, 26 अगस्त और 02 सितंबर को किरंदुल से छूटने वाली ट्रेन संख्या (18513) किरंदुल-विशाखापत्तनम रात्रि एक्सप्रेस रद्द रहेगी। इस व्यवस्था के चलते यात्रियों को दिक्कत का सामना करना पड़ सकता है।

### इधर पैसेंजर पूरी तरह से रहेगी रद्द

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक एके त्रिपाठी ने बताया कि 21 अगस्त से 01 सितंबर तक विशाखापत्तनम से छूटने वाली (08551) विशाखापत्तनम- किरंदुल ट्रेन रद्द रहेगी। इसी इसी प्रकार दिनांक 21 अगस्त से 02 सितंबर तक किरंदुल से छूटने वाली ट्रेन संख्या (08552) किरंदुल-विशाखापत्तनम ट्रेन रद्द रहेगी।




## सुरक्षाबलों और नक्सलियों में मुठभेड़, 1 नक्सली ढेर, 12 रायफल बरामद

**नारायणपुर।** अबुझमाड़ के ओरछा थाना से सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान में अबुझमाड़ के जंगलों में रवाना हुई थी। इस सर्चिंग के दौरान अबुझमाड़ के भटबेड़ा जंगल मे सुरक्षा बलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में सुरक्षा बल के जवानों को हावी होता देख नक्सली घटना स्थल से भाग खड़े हुए।

इससे घटना स्थल की सर्चिंग करने पर पुलिस ने 1 वर्दीधारी नक्सली का शव के साथ 315 एवं 12 बोर रायफल बरामद किया है। जानकारी के अनुसार अबुझमाड़ ओरछा के जंगल मे नक्सलियों के प्लाटून नम्बर 16 इंचार्ज मलेश, कमांडर विमला, इंद्रावती एरिया कमेटी ओरछा एलओएस कमांडर दीपक एवं ओरछा एलजीएस कमांडर रामलाल सहित अन्य नक्सलियों के उपस्थिति की सूचना पर ओरछा थाना से



डीआरजी एव बस्तर फाइटर की संयुक्त टीम सर्चिंग अभियान के लिए रवाना हुई थी। इस सर्चिंग के दौरान सोमवार की सुबह करीब 9 बजे भटबेड़ा के जंगल में नक्सलियों के साथ सुरक्षा बल के जवानों की मुठभेड़ हो गई। इसमें करीब आधा घंटा तक चली मुठभेड़ के बाद नक्सली जंगल का सहारा लेकर घटना स्थल से भाग खड़े हो गए। इससे बस्तर फाइटर एवं डीआरजी की टीम ने घटना स्थल की सर्चिंग करने पर 1 वर्दीधारी पुरुष नक्सली का शव के साथ 315 बोर रायफल, 12 बोर रायफल सहित दैनिक उपयोग की सामग्री, साहित्य के साथ अन्य सामान बरामद कर लिया है। इस मुठभेड़ सुरक्षा बल के सभी जवान सुरक्षित है।

## ईडी का रायपुर दुर्ग और भिलाई में 8 ठिकानों पर छापा, सराफा, ट्रांसपोर्टर और अधिवक्ता के ठिकानों पर चल रही है जांच

**रायपुर।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने रायपुर, दुर्ग और भिलाई के सराफा, पेट्रोल पंप, ट्रांसपोर्टर और अधिवक्ता के 8 ठिकानों पर सोमवार की सुबह छापा मारा। इसमें रायपुर में स्वर्णभूमि स्थित वरिष्ठ अधिवक्ता वकील पीयूष भाटिया, अशोका रतन एवं वॉलफोर्ट सिटी में सराफा एवं पेट्रोल पंप संचालक अशोक दम्मानी, दुर्ग के जमीन कारोबारी एवं ट्रांसपोर्टर मोहम्मद सद्दाम के भिलाई स्थित फरीद नगर, भिलाई में कारोबारी रोहित उप्पल और सन्नी सतनाम, और दुर्ग के पद्मनाभपुर के जमीन कारोबारी सतीश चंद्राकर के यहां छापा मारा गया है। इस समय 25 सदस्यीय टीम 50 से ज्यादा सीआरपीएफ जवानों के साथ कारोबारियों के घर में



तलाशी का काम कर रहे है। बताया जाता है कि मनी लॉन्ड्रिंग और हवाला के जरिए रकम के हस्तांतरण के इनपुट मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है। ईडी को इसके पहले सट्टा कारोबार के दुबई से पैसों के हवाले का लिंक मिला था। इसके बाद से इन सभी के गतिविधियों पर नजर रखी जा रही थी। सूत्रों का कहना है कि छापेमारी की जद में आने वाले सभी कारोबारियों के मनीलॉन्ड्रिंग प्रकरण में सहयोगी की भूमिका अदा की करने की जानकारी मिली थी। ईडी की टीम इस समय कारोबारियों के ठिकानों में लेनदेन के दस्तावेजों, प्रापर्टी, बैंक खातों और चल-अचल संपत्तियों की जांच कर रही है। बताया जाता है कि कारोबारियों के साथ ही उनके परिजनों और करीबी रिश्तेदारों की प्रापर्टी का ब्यौरा लिया जा रहा है। वहीं कारोबारियों के आईटी रिटर्न को जांच के दायरे में लिया गया है।

## हाथियों का दल मचा रहा उत्पात, कई घरों को किया तहस-नहस, खौफ में ग्रामीण

**जीपीएम।** जिले में हाथियों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है. हर रोज हाथी कहीं न कहीं कहर ढा रहे हैं. जिससे लोगों में खौफ नजर आ रहा है. जानकारी के अनुसार, मरवाही के जंगलों में पिछले एक सप्ताह से अधिक समय से विचरण हथियों का दल विचरण कर रहा है। बता दें कि, जंगल के अंदर लगातार कई घरों में हाथी तोड़फोड़ कर रहे हैं. जंगलों के अंदर के रहवासी डर के साए में जीने पर मजबूर हैं. घरों के साथ बड़ी मात्रा में फसलों को हर रोज नुकसान पहुंचा रहे हैं. वन विभाग इन हाथियों पर नजर बनाए रखा हुआ है. स्थायी योजना के न होने से आम लोगों को भारी नुकसान हो रहा है।



### 8 भाजपाईयों ने थामा कांग्रेस का हाथ

**जगदलपुर।** सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र के वंजामगुड़ा के आठ भाजपाईयों ने कांग्रेस का दामन थामा। सोमवार को उद्योग मंत्री कवासी लखमा के समक्ष कांग्रेस प्रवेश किया। उन्होंने छत्तीसगढ़ सरकार के विकास कार्यों से प्रभावित होकर कांग्रेस प्रवेश करने की बात कही। मंत्री कवासी लखमा ने सभी का पुष्पाहार और कांग्रेस गमछा पहनाकर कांग्रेस में प्रवेश कराया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस पार्टी और नेताओं के जिंदाबाद के नारे भी लगाए।




जिला श्रम अधिकारी

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला आबकारी अधिकारी

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला परिवहन अधिकारी

(RTO)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




नोडल अधिकारी

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




उप पंजीयक

सहकारी संस्थाएं (DRCS)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




सहायक संचालक

नगर तथा ग्राम निवेश

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

(C.M.H.O.)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




सिविल सर्जन

जिला चिकित्सालय

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला शिक्षा अधिकारी, (DEO)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2011/38292
भारत सम्मान NEWS
अम्बिकापुर, मंगलवार, 22 अगस्त 2023





सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास विभाग
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




उप संचालक
समाज कल्याण
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




अधीक्षक
भू–अभिलेख
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




प्रबंधक
जिला व्यापार उद्योग केंद्र,
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




क्षेत्रीय अधिकारी
पर्यावरण संरक्षण मंडल
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




नोडल अधिकारी
खादी एवं ग्रामोद्योग
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




तहसीलदार
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत, प्रेमनगर, छत्तीसगढ़




मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत
भैयाथान, छत्तीसगढ़




मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जनपद पंचायत
प्रतापपुर, छत्तीसगढ़




अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
(SDM)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




अधीक्षक
भू-अभिलेख
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




उप संचालक पंचायत
(DDP)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला आयुर्वेद अधिकारी
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (DPM)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




कार्यपालन अभियंता
(CGMSC)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला परियोजना समन्वयक
(ssa)DMC
सूरजपुर, छत्तीसगढ़

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक जितेन्द्र जायसवाल द्वारा जायसवाल प्रिंटिंग प्रेस राघवपुरी, डीगमा, अम्बिकापुर, छत्तीसगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। संपादक जितेन्द्र जायसवाल। मो.नं.-09424262547




सहायक संचालक मत्स्य (fishries)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




परियोजना प्रशासक एकीकृत (POITDP)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




उप पंजीयक
पंजीयन विभाग
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




उप पंजीयक, प्रतापपुर
पंजीयन विभाग
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मुख्य कार्यपालन अधिकारी
अंत्यावसायी आदिवासी विकास विभाग
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मु. का. अ. जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अंबिकापुर (ccb)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




खनिज अधिकारी (MINING)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




कोषालय अधिकारी (TO)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




खाद्य अधिकारी (FOOD)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़




नापतोल निरीक्षक

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




खाद्य सुरक्षा अधिकारी (food and safety officer)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




औषधि निरीक्षक (drugs inspector)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




सिटी मिशन प्रबंधक, सिटी मिशन प्रबंधन इकाई (DUD)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जल संसाधन अनु. अधि.वि. /यां.

(SDO E&M WRD)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




लोक निर्माण विभाग

(EE PWD)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला सेनानी नगर सेना

(commandent home Guard )

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




कृषि उपज मंडी सचिव

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला सूचना विज्ञान अधिकारी

DIO (NIC)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी EDM

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




मनरेगा (APO)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




सहायक संचालक

खादी ग्रामोद्योग

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




डी. एम. एफ. (APO)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




स्वच्छ भारत मिशन (SBM)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




एन. आर. एल. एम.

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




प्रभारी डीसीबी/डीसीआरबी,

पुलिस अधीक्षक कार्यालय

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




दक्षिण पूर्व कोल लि.

बिश्रामपुर (SECL)

सूरजपुर, छत्तीसगढ़




लीड बैंक मैनेजर

सूरजपुर, छत्तीसगढ़



दक्षिण पूर्व कोल लि.,
भटगांव (SECL)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



RCT
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



टेलीफोन ( BSNL SDO)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



प्राचार्य
पॉलिटेक्निक
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



प्राचार्य
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (ITI)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



शाखा प्रबंधक
भारतीय स्टेट बैंक (SBI)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



भारतीय जीवन बीमा निगम
(BM LIC)
सूरजपुर, छत्तीसगढ़



प्राचार्य नवोदय विद्यालय,
बसदेई
सूरजपुर, छत्तीसगढ़

# राष्ट्रपति से आज भेंट करेंगे एकलव्य के 40 विद्यार्थी

## वायुयान से पहली बार दिल्ली पहुंचे विद्यार्थी



**रायपुर।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु और केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री श्री अर्जुन मुंडा एवं केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री श्रीमती रेणुका सिंह से छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के 40 विद्यार्थी 22 अगस्त को मुलाकात करेंगे। एकलव्य विद्यालय छत्तीसगढ़ के 40 विद्यार्थी पहली बार वायुयान से रवाना होकर आज दिल्ली पहुंचे। राष्ट्रपति, केन्द्रीय जनजातीय कार्य मंत्री और केन्द्रीय जनजातीय राज्य मंत्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से नई दिल्ली में मुलाकात के दौरान जनजातीय विकास, जनजातीय गौरव दिवस, उनके शैक्षणिक विकास की प्रगति पर चर्चा कर उनके विचार जानेंगे। एकलव्य विद्यालय के विद्यार्थी पहली बार वायुयान से यात्रा करने के कारण बहुत ही उत्साहित हैं और वे खुद को बहुत ही सौभाग्यशाली समझ रहे हैं कि उनको हवाई यात्रा के साथ भारत के सर्वोच्च पदासीन राष्ट्रपति से मिलने का अवसर प्राप्त हो रहा है। बच्चों ने कहा कि यह हमारे जीवन का अविस्मरणीय दिन होगा। एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने वायुयान से पहली बार यात्रा कराने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल, आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति मंत्री श्री मोहन मरकाम, विभाग के सचिव श्री डी.डी. सिंह और आयुक्त श्रीमती शम्मी आबिदी के प्रति आभार व्यक्त किया है।